# प्रेस नोट

## गरिमामय सेवानिवृत्ति, विदाई समारोह-

हमीरपुर पुलिस लाइन में आज दिनांक 31.03.2025 को एक गरिमामय सेवानिवृत्ति/विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने अधिवर्षता आयु पूर्ण करने वाले पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को सम्मानित किया । इस महत्वपूर्ण अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद हमीरपुर ने सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के कार्यों की सराहना की।

समारोह में निम्नलिखित अधिकारियों को सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में सम्मानित किया गया:-

**1. पुलिस उपाधीक्षक श्री धनश्याम सिंह :-** जिनके उत्कृष्ट कार्य और प्रतिबद्धता ने पुलिस सेवा में उच्च मानक स्थापित किए। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान विभाग के लिए कई महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल कीं। जिनके नेतृत्व और कार्यकुशलता की सराहना पूरे विभाग में की जाती है। उन्होंने अपनी सेवाओं के दौरान पुलिस बल के मनोबल को बढ़ाने में अहम योगदान दिया। उनकी सेवानिवृत्ति पर सभी ने उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

**2. फायर सर्विस चालक श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह :-** जिन्होंने पुलिस सेवा में कई वर्षों तक अपना योगदान दिया और समाज की सुरक्षा एवं शांति सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

पुलिस अधीक्षक महोदया ने अपने संबोधन में इन सभी अधिकारियों के योगदान की प्रशंसा की और पुलिस विभाग में उनके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इन अधिकारियों ने न केवल विभाग बल्कि समाज के प्रति भी अपना कर्तव्य पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाया है। समारोह के अंत में, सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों को उनके उज्ज्वल भविष्य और स्वस्थ जीवन के लिए शुभकामनाएं दी गई।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक , क्षेत्राधिकारी सदर ,क्षेत्राधिकारी राठ, क्षेत्राधिकारी मौदहा , क्षेत्राधिकारी सरीला , प्रतिसार निरीक्षक व अन्य अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे और उन्होंने भी सेवानिवृत्त अधिकारियों को भावभीनी विदाई दी । सभी ने मिलकर इन अधिकारियों की सेवा और समर्पण को नमन किया।



